दैनिक
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच

बर्षः- 04
अंकः-49
मुरादाबाद
09 June 2024
(Sunday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## भारतीय विश्वविद्यालयों की वैश्विक रैंकिंग 300% बढ़ी, PM ने दी बधाई; IIT बॉम्बे की रैंक में सुधार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई देते हुए कहा, पिछले दशक में हमने शिक्षा क्षेत्र में गुणात्मक परिवर्तनों पर ध्यान केंद्रित किया, इसके नतीजे क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में साफ दिखते हैं।देश के विश्वविद्यालयों ने पिछले एक दशक में अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में 300 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के संस्थापक व सीईओ नुन्जियो क्वाक्रेरेली ने यह जानकारी सोशल मीडिया पर दी। एक्स पर नुन्जियो के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई देते हुए कहा, पिछले दशक में हमने शिक्षा क्षेत्र में गुणात्मक परिवर्तनों पर ध्यान केंद्रित किया, इसके नतीजे क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में साफ दिखते हैं। छात्रों, शिक्षकों और संस्थानों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई। इस कार्यकाल में हम अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए और भी अधिक काम करना चाहते हैं। वहीं, नुन्जियो क्वाक्रेरेली ने अपने पोस्ट में बताया कि पिछले एक दशक में भारतीय विश्वविद्यालयों का वैश्विक रैंकिंग में प्रतिनिधित्व 318 फीसदी बढ़ा है, जी20 देशों में यह सबसे ज्यादा बढ़ोतरी है। क्वाक्रेरेली साइमंड्स (क्यूएस) की तरफ से जारी क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 से पता चला है कि भारत के शीर्ष तकनीकी संस्थान आईआईटी बॉम्बे और दिल्ली ने वैश्विक स्तर पर शीर्ष 150 विश्वविद्यालयों में स्थान हासिल किया है। आईआईटी बॉम्बे ने उल्लेखनीय रूप से अपनी रैंक में 31 रैंक की बढ़ोतरी के साथ 149 से 118 तक सुधार किया है, जबकि आईआईटी दिल्ली 47 अंक ऊपर चढ़कर विश्वस्तर पर 150वें स्थान पर पहुंच गया है। नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में कुल 8000 मेहमान शामिल हो सकते हैं। इस शपथ ग्रहण समारोह में दुनिया के कई शीर्ष नेता शामिल हो सकते हैं। अब मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भी प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। नरेंद्र मोदी तीसरे कार्यकाल के लिए 9 जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। प्रधानमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह कई मायनों में बेहद खास होगा। इस समारोह में जहां एक तरफ दुनियाभर के शीर्ष नेता शामिल होंगे, तो वहीं सफाईकर्मी, ट्रांसजेंडर, मजदूर भी इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनेंगे। नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में कुल 8000 मेहमान शामिल हो सकते हैं। इस शपथ ग्रहण समारोह में दुनिया के कई शीर्ष नेता शामिल हो सकते हैं। भारत के पड़ोस और हिंद महासागर क्षेत्र के नेताओं को विशिष्ट अतिथि के रूप में सादर आमंत्रित किया गया है। तोबगे ने प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। यह भी बताया जा रहा है कि शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के अलावा यह सभी नेता उसी शाम राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित भोज में भाग लेंगे।

## लोकसभा में नेता विपक्ष बने राहुल गांधी, सीडब्ल्यूसी के सदस्यों ने प्रस्ताव किया पास

लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार आज कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक हो रही है। यहां कांग्रेस चुनाव नतीजों की समीक्षा की जा रही है, साथ ही भविष्य की रणनीति पर भी मंथन हो रहा। बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा सहित पार्टी के कई अन्य शीर्ष नेता शामिल हुए।सूत्रों का कहना है, कांग्रेस कार्यसमिति (CWC) के सदस्यों ने प्रस्ताव पारित किया है कि राहुल गांधी को लोकसभा में पार्टी का नेता नियुक्त किया जाना चाहिए। कुछ जगह परिणाम सही नहीं आए कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा, %जहां हम कुछ राज्यों में कांग्रेस पार्टी के अच्छे प्रदर्शन पर खुश हैं, तो वहीं उन राज्यों पर भी खास तौर से गौर करना होगा, जहां कांग्रेस पार्टी की संभावनाओं और अपेक्षाओं के विपरीत परिणाम आए। जहां हमने विधानसभा में अच्छा प्रदर्शन कर सरकार बनाई, लेकिन लोकसभा में उस प्रदर्शन को दोहरा नहीं पाए। इन सभी बातों पर हम जल्दी ही अलग से चर्चा करेंगे। जो तत्कालिक कदम उठाना होगा, वो भी हम उठाएंगे।'CWC बैठक से पहले कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा, हम सीडब्ल्यूसी बैठक में सारे विषय पर चर्चा करेंगे। राहुल गांधी ने जनता का विषय हमेशा उठाया है। अगर आप उत्तर प्रदेश के वोटिंग पर नजर डालें तो प्रदेश के लोगों ने नरेंद्र मोदी जी को नकारा है। रायबरेली का मार्जिन वाराणसी के मार्जिन से ज्यादा है इसलिए नरेंद्र मोदी 5 साल तक पीएम नहीं रहेंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### हार के बाद बसपा में बड़ा बदलाव, आकाश आनंद के करीबियों को सौंपी गई बुंदेलखंड की कमान

बांदा निवासी बलदेव प्रसाद वर्मा और जालौन निवासी जगजीवन अहिरवार को चित्रकूट मंडल का प्रभारी बनाया गया है। कौशलेंद्र कुमार वर्मा और जगदीश सिंह पटेल को चित्रकूट का जिला प्रभारी बनाया है। कपिलदेव वर्मा और लल्लू प्रसाद निषाद को बांदा का जिला प्रभारी बनाया है।लोकसभा चुनाव में हार मिलने के बाद बहुजन समाज पार्टी के संगठन में व्यापक फेरबदल किया गया है। पार्टी के कद्दावर नेता आकाश आनंद के करीबियों को बुंदेलखंड की कमान सौंपी गई है। लालाराम अहिरवार और मुकेश अहिरवार को बुंदेलखंड प्रभारी बनाया गया है। ये दोनों झांसी और चित्रकूट मंडल में पार्टी का कार्य देखेंगे।जालौन निवासी बृजेश जाटव और झांसी निवासी कैलाश पाल को झांसी मंडल की कमान सौंपी गई है। चंद्र दत्त गौतम और रविकांत मौर्या झांसी के जिला प्रभारी बनाए गए हैं। सुरेश चंद्र गौतम और श्याम पाल उर्फ छुन्नापाल को जालौन का प्रभारी बनाया है। राकेश कुशवाहा और रामस्वरूप ललितपुर के जिला प्रभारी बनाए गए हैं। आकाश आनंद के करीबी नेताओं में लालाराम अहिरवार, मुकेश अहिरवार और कैलाश पाल माने जाते हैं, जिन्हें फिर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। बुंदेलखंड में बसपा नेता आकाश आनंद का खासा प्रभाव रहा है। प्रत्याशी बदलने से लेकर बुंदेलखंड में महत्वपूर्ण पदों पर बैठे नेताओं को हटा दिया गया।

## अखिलेश यादव बोले:जनता ने लोकतंत्र और संविधान बचाने का काम किया, संत रामदास ने ओढ़ाया रामनामी दुपट्टा

लोकसभा चुनावों में मिली बड़ी जीत के बाद अखिलेश यादव पहली बार पार्टी मुख्यालय पहुंचे। वहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी का संदेश हम सबसे नई उम्मीदों और नई अपेक्षाओं का जनादेश है। इस जनादेश को हम एक नए दायित्व के रूप में स्वीकार करते हैं। इंडिया गठबंधन के सभी सांसद अपने कर्तव्य को बखूबी निभाएंगे।



जनता हमारी प्राथमिकता है और सदैव रहेगी।लोकसभा चुनाव में सपा के 37 सीटें जीतकर तीसरी बड़ी ताकत बनने पर शुक्रवार को अखिलेश यादव का प्रदेश पार्टी मुख्यालय पर जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने अयोध्या से सपा की जीत का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि इस लोकसभा चुनाव में विचारधारा और संविधान की जीत हुई है। जनता ने संविधान और लोकतंत्र को बचाने का काम किया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, लौटन राम निषाद मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने सभी निर्वाचित सांसदों को बधाई देते हुए कहा कि हर शोषित, पीड़ित और वंचित की सेवा ही हम सबका पहला कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हम मानते हैं कि हमारे जो भी प्रत्याशी भाजपाई-प्रशासनिक घपलों की वजह से जीत दर्ज नहीं कर पाए, दरअसल वो सब भी जीते हुए ही हैं। भाजपा को जो भी वोट मिला है, उसका आधार जनता के वोट नहीं, बल्कि उनका प्रशासनिक तंत्र और उनकी घपलेबाजी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में जनता ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को भरपूर समर्थन दिया है। इसलिए ऐसे सभी जुझारू प्रत्याशियों को हम जनता के सच्चे प्रतिनिधि के रूप में किसी भी अन्य सांसद के बराबर मानते हुए 'सम्मांसद' की जन-उपाधि से सुशोभित मानते हैं। आनेवाला समय उनका ही होगा। संत रामदास ने ओढ़ाया रामनामी दुपट्टा- प्रदेश सपा मुख्यालय पर अयोध्या से आए बालयोगी संत रामदास ने अखिलेश यादव को रामनामी दुपट्टा पहनाया। इनके अलावा कर्नाटक समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एन. मंजप्पा, केरल समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष साजी थॉमस पोथन, केरल जनता दल (सेक्यूलर) के राष्ट्रीय सचिव आरएस प्रभात ने भी उनका अंगवस्त्र पहनाकर तथा पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन किया। नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक आज- सपा के नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक प्रदेश पार्टी कार्यालय पर शनिवार को होगी। इसमें अखिलेश यादव सांसदों को आगे की रणनीति समझाएंगे। सपा की योजना लोकसभा में विभिन्न मुद्दों को आक्रामकता से उठाने की है।

## हमें 24 घंटे, 365 दिन लोगों के बीच रहना होगा, कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में बोले खरगे



मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि जहां-जहां से भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुजरी, वहां पर कांग्रेस पार्टी के वोट प्रतिशत और सीटों में बढ़ोतरी हुई। मणिपुर जहां से न्याय यात्रा शुरू हुई, वहां हम दोनों सीटें जीते। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार आज कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस चुनाव नतीजों की समीक्षा की गई, साथ ही भविष्य की रणनीति पर भी मंथन हुआ। बैठक करीब साढ़े 11 बजे शुरू हुई। इसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा सहित पार्टी के कई अन्य शीर्ष नेता शामिल हुए। बैठक में खरगे ने इस बात पर जोर दिया कि सत्ता में हो या नहीं, हमें निरंतर काम करते रहना है। उन्होंने कहा कि 24 घंटे, 365 दिन लोगों के बीच रहना होगा। उन्होंने कहा, %कांग्रेस कार्यसमिति देशभर में फैले कांग्रेस पार्टी के नेताओं और करोड़ों कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करती है, जिन्होंने पिछले कुछ महीनों में अथक परिश्रम किया। मैं आपकी दृढ़ इच्छा शक्ति, संकल्प और परिश्रम के लिए बधाई देता हूं।%जनता ने संविधान विरोधी ताकतों को कड़ा जवाब दिया- उन्होंने आगे कहा कि जनता ने हम पर विश्वास जताकर तानाशाही शक्तियों और संविधान विरोधी ताकतों को कड़ा जवाब दिया है। हिंदुस्तान के मतदाताओं ने भाजपा के 10 साल की विभाजनकारी, नफरत और ध्रुवीकरण की राजनीति को खारिज किया है। इसके अलावा कांग्रेस नेता ने कांग्रेस के सभी नव-निर्वाचित सदस्यों को बधाई दी। कहा कि18वीं लोकसभा का सदस्य बनने पर सभी को शुभकामनाए। आप लोगों ने विपरीत परस्तिथियों में चुनाव लड़कर जीत हासिल की। लोगों के चहेते राहुल गांधी को बधाई- खरगे ने सोनिया गांधी का भी आभार जताया। कहा, %इस अवसर पर मैं सोनिया गांधी जी को भी धन्यवाद देना चाहूंगा, जिन्होंने चुनाव की तैयारियों, गठबंधन की बैठकों में बढ़चढ़कर भाग लिया और अपने लंबे अनुभव के आधार पर हम सब का मार्गदर्शन किया। मैं लोगों के चहेते राहुल गांधी को भी बधाई दूंगा, जिन्होंने संविधान, आर्थिक गैर बराबरी, बेरोजगारी और सामाजिक न्याय और सौहार्द्र जैसे मसलों को जन-जन का मुद्दा बना दिया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, यह राहुल के नेतृत्व में दो साल पहले चार हजार किलोमीटर लंबी भारत जोड़ो यात्रा और फिर 6,600 किलोमीटर लंबी भारत जोड़ो न्याय यात्रा का फल है, जिसकी मदद से हमें जनता से जुड़ने और उनकी समस्याओं, सरोकारों, और आकांक्षाओं को जानने में मदद मिला। इसी आधार पर कांग्रेस पार्टी ने अपना चुनावी अभियान तैयार किया।%इसके अलावा, खरगे ने प्रियंका को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम प्रियंका को अमेठी और रायबरेली के साथ-साथ देश के अन्य हिस्सों में भी जोरदार प्रचार करने के लिए बधाई देते हैं। हमारे कार्यकर्ताओं ने एक नई उमंग और जोश के साथ काम किया- उन्होंने कहा, %मैं कांग्रेस के अपने सभी वरिष्ठ सहयोगियों को धन्यवाद दूंगा, जिन्होंने एक टीम की तरह काम किया। ये हमारे सामूहिक प्रयासों का ही असर था कि देशभर में हमारे कार्यकर्ताओं ने एक नई उमंग और जोश के साथ काम किया। उन्होने अपने-अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। हमें यह बात हमेशा याद रखनी है कि परिश्रम और संकल्प से हम बड़े से बड़े विरोधी को मात दे सकते है।% यहां हुई सीटों में बढ़ोतरी- उन्होंने आगे कहा, %यहां मैं इस बात का भी खास उल्लेख करना चाहूंगा कि जहां-जहां से भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुजरी, वहां पर कांग्रेस पार्टी के वोट प्रतिशत और सीटों में बढ़ोतरी हुई। मणिपुर जहां से न्याय यात्रा शुरू हुई, वहां हम दोनों सीटें जीते। नागालैंड, असम, मेघालय जैसे उत्तर-पूर्व के कई राज्यों में हमे सीटें मिली। महाराष्ट्र में हम सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरे। देशभर में कांग्रेस पार्टी को लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए लोगों का अपार समर्थन मिला।% खरगे ने कहा कि यही नहीं एससी, एसटी, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक, और ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस पार्टी की सीटों में वृद्धि हुई। हमें आगे यह प्रयास करना है कि शहरी मतदाताओं के बीच हम अपना प्रभाव बनाए और इन इलाकों में भी पार्टी को मजबूत करें। कुछ जगह परिणाम सही नहीं आए उन्होंने कहा, %जहां हम कुछ राज्यों में कांग्रेस पार्टी के अच्छे प्रदर्शन पर खुश हैं, तो वहीं उन राज्यों पर भी खास तौर से गौर करना होगा, जहां कांग्रेस पार्टी की संभावनाओं और अपेक्षाओं के विपरीत परिणाम आए। जहां हमने विधानसभा में अच्छा प्रदर्शन कर सरकार बनाई, लेकिन लोकसभा में उस प्रदर्शन को दोहरा नहीं पाए। इन सभी बातों पर हम जल्दी ही अलग से चर्चा करेंगे। जो तत्कालिक कदम उठाना होगा, वो भी हम उठाएंगे।%इंडिया गठबंधन से जुड़े दलों की तारीफ की- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने इंडिया गठबंधन के साथी दलों की सराहना भी की। कहा कि खास तौर पर अपने साथी दलों की प्रशंसा करना चाहूंगा। विभिन्न राज्यों में सभी सहयोगी दलों ने अहम भूमिका निभाई, हर पक्ष ने यथासंभव योगदान दिया। एक स्वर में साथ रहे। इंडिया गठबंधन के साथियों के साथ हम संसद और संसद केबाहर एकजुट होकर और मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन अहम मुद्दों पर हम चुनाव अभियान में गए वे आम जनता के सरोकार के मुद्दे हैं। इसलिए वे हमेशा हमारी ध्यान में रहेंगे। संसद और संसद के बाहर जनता के इन सवालों को हम लगातार उठाते रहेंगे। हम जनमत को विनम्रता से स्वीकार करते हैं। सभी संभव प्रयास करेंगे। हमें अनुशासित रहना है। हमें एकजुट रहना है।हम लगातार काम करते रहेंगे- उन्होंने आगे कहा कि हमारा काम निरंतर जारी रहेगा, चाहे हम सत्ता में हो या नहीं। हमें 24 घंटे, 365 दिन लोगों के बीच रहना होगा, जनता के मुद्दों को उठाना होगा। कुछ महीनों में महत्वपूर्ण राज्यों के चुनाव होने है, हमें हर कीमत पर विरोधी दलों को परास्त कर, अपनी सरकार बनानी है। लोग बदलाव चाहते है, हमें उनकी ताकत बनना होगा।

## संपादकीय Editorial

### This heat and heat wave is terrifying

Half of India is in the grip of scorching heat and severe heat wave, so the weather has become dreadful. The temperature has crossed 46-47 degrees Celsius in about 50 cities. There are some areas in the capital Delhi, where the mercury has reached 48 degrees. The temperature in the capital region Gurugram, Faridabad, Noida has also been around 47 degrees Celsius. In Phalodi, Rajasthan, the temperature crossed 49 degrees for the third consecutive day. This was the hottest area of ??the country. These are not normal temperatures, because after a certain limit, these gusts of heat and heat wave can prove to be fatal. On one hand there is scorching heat in the country, on the other hand, 'Relam Cyclone' has hit the western coast and has destroyed a lot. Many lives have also been lost. Strong winds are blowing and there is a lot of rain. This contradiction is visible within the same country. This is the ill effect of climate change. Not only in Delhi, the 'heat effect and index' is clearly visible in metros like Bengaluru, Chennai, Hyderabad, Mumbai. This is the summary of the report of the Centre for Science and Environment. With the increase in concrete or permanent construction here, the green areas have reduced as compared to earlier. Due to this, the temperature is not falling as expected even at night. The heat has such a tremendous effect that the tyres of vehicles running on the roads are melting. As a result, accidents are happening. This boiling heat has human side effects too. The famous magazine 'Lancet' has studied that this weather has very serious side effects for diabetes, heart disease, blood pressure and kidney patients. Doctors believe that people are forced to go out for work, so people are becoming victims of 'dehydration' due to the extreme heat. The functioning of the kidney is directly affected by it. Many other diseases can increase due to it. The situation is becoming such that 2-3 beds are being reserved in all the 26 hospitals of the Delhi Government. A decision has been taken to reserve 5 beds in Loknayak Jaiprakash Hospital. Director General of Meteorological Department, Dr. Mrityunjay Mohapatra estimates that the scorching heat will be dreadful in June as well, because this time the days of hot heatwave will be doubled. The maximum impact will be seen in states like Delhi, Rajasthan, Punjab, Haryana, UP, Gujarat and Madhya Pradesh. Normally, there are 3 days of hot heatwave in June in the north-western states, but this time it is expected to last for more or less 6 days. The night temperature will also be 4-6 degrees higher. Along with the heat, humidity will also increase. According to the report of the Center for Science and Environment, due to high humidity and increase in temperature in the cities, the weather there is becoming more unbearable than before. Immediate management of this is essential. Along with increase in green area, construction of water reservoirs, such changes should be brought in the structure of buildings, so that they can be more suitable for the temperature. In such hot weather, doctors advise that many viruses and bacteria become active in this season. Many times it happens that after eating something in the summer, one starts vomiting or there is a burning sensation in the stomach. This is the first sign of digestive system disorder, so in summers watermelon and muskmelon should be consumed in sufficient quantity. These fruits contain water. They keep the body hydrated. In such weather, coconut water, cucumber, curd, mint, mango, litchi, peach, orange, seasonal fruit, apricot, pineapple, pomegranate etc. are also beneficial. However, we have forgotten the power of nature, so summer and heatwaves seem like explosions.

# Scenario: America is a haven for extremists, yet they do not care about its ideals

If America attracts Bangladeshis, then it is because of the facility to work, do business, move freely, follow one's religion and educate children in schools for free. Despite this, these people living in America do not believe in American ideals at all. A few days ago, Suchitra Sen Film Festival was organized in New York. It was organized by non-resident Bangladeshis living in New York. Just a few days before this, Bangla Book Fair and Sahitya Anushthan were organized in New York. Their organizers were also non-resident Bangladeshis. This makes it seem that all Bengalis living in America are probably progressive, all are probably lovers of literature or culture. Is this really so? Of course there is a lot of difference between Dhaka and New York. The difference between America and Bangladesh is the same between Dhaka and New York. Since America is a highly developed and civilized country compared to Bangladesh, a large number of Bangladeshis go to America to get permanent citizenship. Even fanatic Muslims, who are always intoxicated with religion, hate Christians and Jews, abuse them, and when they get a chance, they too try to go to America. If they want, they can easily settle in Arab countries, but they do not do so. Bangladeshis are also very attracted to America. Their lives will be blessed if they get American citizenship. For permanent residence, they prefer America, the country of Christians, Jews and atheists. Many people try to enter Western countries even by taking risks. They cross the Mediterranean Sea in the dark of night and reach Europe by boat. Many people also lose their lives when the boat sinks. Despite this, the risky attempts to cross the sea by boat do not stop. Despite going to Arab countries for Haj, wearing the dress of Arab countries, following the language and manners of Arab countries and considering Arab people as great human beings, the people of Bangladesh do not show any eagerness to settle in Arab countries. Instead, those who go to Arab countries to work as laborers think about returning home as soon as possible. And Bangladeshi women working in people's homes in Arab countries return home to save their lives, or return as corpses. There is a reason why America attracts Bangladeshis. In America, there is the facility to work, do business, move around freely, follow one's religion, educate children in schools for free. There, if there is no money, one gets food packets, there is free treatment, medicine, maid etc. Above all, a lot of emphasis is laid on human rights in America, whereas in Bangladesh no one cares about human rights. Despite this, these people living in America do not believe in American ideals even a bit. America is not able to make them liberal. Even while living in America, they remain Bangladeshis. The search for food takes them to the halal meat shop. Despite coming to America, they do not give up Bangladeshi attire. Women do not give up burqa and niqab. Even while living in America, they maintain religious fanaticism. They believe that their religion is the best religion in the world. Even while living there, these people believe that the terrorists who destroyed the Twin Towers did a great job. Some of them even dream that all the countries of the West are filled with Muslims and this earth is only for Muslims. The desire to go to America is strong among the new generation of Bangladeshis. Not only this, these people also hesitate to tell outside their country that their parents are Bangladeshis. On the other hand, due to constant brainwashing by fundamentalists at home, some people start considering their religion to be superior. Such misguided people make the mistake of considering Muslims of other countries as their own. However, on the other hand, it is also true that many children of the generation born in America talk in Bengali, sing Bengali songs. However, this depends on how much the parents of these children encourage Bengali culture at home. Non-resident Bangladeshis have created small Bangladeshs in various cities of America. The West has not been able to bring any change in their lifestyle and thinking. Bangladeshis living in America are still stuck in casteism, superstitions and rigid male chauvinistic thinking. These Bangladeshis have brought the history of misogyny in their own country from the shores of the Bay of Bengal to the shores of the Atlantic and Pacific Ocean. Non-resident citizens are probably like this. They remain attached to the land they come from throughout their lives. They actually adopt only as much from the foreign culture as is necessary for their employment. But they can never know, learn and adopt the philosophy that is needed to get rid of the poverty of thinking. They discuss only that which they have learnt from their own country throughout their lives. I am not saying that the leaders of Bengali literature and culture in New York banned only me. It is possible that they have banned other writers, poets and cultural workers too, and will continue to do so in the future. And the poets and writers invited there neither said anything against this ban, nor will they say anything in the future. Going against the current and Bengali book fairs will continue to be held like this for years, ignoring people of different or different views. That is why I say that there may be a difference between Bangladesh and America, but you will not see any difference in the Bangladeshis living in these places. Just as my entry is banned in the book fair held in Dhaka, in the same way I am banned from the book fair held in New York. Despite living across seven seas, the narrow-minded Bengali remains narrow-minded.


# Science: Is it possible to recreate dinosaurs from fossil DNA? Can scientists really do it?

DNA is present in the cells of every living organism on this earth, including dinosaurs. Each one's DNA is different from the other, which determines many of its characteristics. It is easy to find DNA in the soft parts of organisms, such as organs, blood vessels, nerves, muscles and fat. But the soft parts of dinosaurs died out long ago. Is it possible to recreate dinosaurs from the DNA of fossils? As a paleontologist, I always get asked this question. After all, the scientists of Jurassic Park (later Jurassic World) used DNA to recreate dozens of dinosaurs. If you watch any of those movies, the question arises: Can scientists really do this today? DNA is present in the cells of every living organism on this earth, including dinosaurs. Each one's DNA is different from the other, which determines many of its characteristics. Note that it is easy to find DNA in the soft parts of organisms, such as organs, blood vessels, nerves, muscles and fat. But the soft parts of dinosaurs were gone long ago. They either decomposed or were eaten by other dinosaurs. Dinosaur fossils are the remains of those prehistoric animals. These fossils are derived from the so-called hard parts of dinosaurs - bones, teeth and skulls. With enough fossils, scientists can create the skeleton of a dinosaur that you can see in a museum. But when scientists try to extract DNA from dinosaur fossils, they run into a problem. The DNA molecules eventually break down. Recent studies have found that after 7 million years, DNA degrades and eventually breaks down. The last dinosaur died at the end of the Cretaceous period. That's more than 65 million years ago. That means if you try to extract dinosaur DNA from fossils today, it will be useless because it would have been destroyed long ago. That means it is not possible to create a dinosaur from DNA even using the best technology today. It's been a long time since we discovered dinosaur DNA, but recently scientists have found something that is just as interesting. They found DNA fragments in the fossils of Neanderthals and other ancient mammals, such as woolly mammoths. Imagine what would happen if someday in the future researchers somehow came across a piece of dinosaur DNA? Scientists can't create a dinosaur with just pieces of DNA. They have to combine those pieces with the DNA of a modern animal to create a living organism. (From The Conversation) It is easy to find DNA in the soft parts of organisms, such as organs, blood vessels, nerves, muscles and fat. But the soft parts of dinosaurs died out long ago. Is it possible to recreate dinosaurs from the DNA of fossils? As a paleontologist, I always get asked this question. After all, the scientists of Jurassic Park (later Jurassic World) used DNA to recreate dozens of dinosaurs. If you watch any of those movies, the question arises: Can scientists really do this today? DNA is present in the cells of every living organism on this earth, including dinosaurs. Each one's DNA is different from the other, which determines many of its characteristics. Note that it is easy to find DNA in the soft parts of organisms, such as organs, blood vessels, nerves, muscles and fat. But the soft parts of dinosaurs were gone long ago. They either decomposed or were eaten by other dinosaurs. Dinosaur fossils are the remains of those prehistoric animals. These fossils are derived from the so-called hard parts of dinosaurs - bones, teeth and skulls. With enough fossils, scientists can create the skeleton of a dinosaur that you can see in a museum. But when scientists try to extract DNA from dinosaur fossils, they run into a problem. The DNA molecules eventually break down. Recent studies have found that after 7 million years, DNA degrades and eventually breaks down. The last dinosaur died at the end of the Cretaceous period. That's more than 65 million years ago. That means if you try to extract dinosaur DNA from fossils today, it will be useless because it would have been destroyed long ago. That means it is not possible to create a dinosaur from DNA even using the best technology today. It's been a long time since we discovered dinosaur DNA, but recently scientists have found something that is just as interesting. They found DNA fragments in the fossils of Neanderthals and other ancient mammals, such as woolly mammoths. Imagine what would happen if someday in the future researchers somehow came across a piece of dinosaur DNA? Scientists can't create a dinosaur with just pieces of DNA. They have to combine those pieces with the DNA of a modern animal to create a living organism. (From The Conversation)



# मुरादाबाद में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने की आत्महत्या, घर पर खुद को मारी गोली.. कार्यकर्ता हैरान

मुरादाबाद में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने घर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर दी। उनके इस कदम से कार्यकर्ता हैरान हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंच कानूनी कार्रवाई कर रही है।मुरादाबाद के मझोला के बुद्धि विहार में सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डीपी यादव ने खुद को पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण डिप्रेशन बताया जा रहा है। सपा ने लोकसभा चुनाव के दौरान उन्हें पद से हटा कर जयवीर सिंह यादव को जिला अध्यक्ष बना दिया था।डीपी यादव अपनी पत्नी, बेटे अंकित यादव और बेटी अंजली के साथ बुद्धि विहार स्थित दो मंजिला आवास में रहते थे। शुक्रवार को डीपी यादव परिवार के साथ हरिद्वार गए थे। शाम को ही हरिद्वार से लौटे थे। शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे वह अचानक गायब हो गए थे। उस वक्त परिवार के लोग पहली मंजिल पर अपने अपने कमरों में मौजूद थे। बेटी अंजली ने नौकर से कहा कि पापा दिखाई नहीं दे रहे हैं। नौकर ने देखा कि मुख्य गेट अंदर से बंदर है। उनके बाहर होने की संभावना भी खत्म हो गई थी। इसके बाद नौकर ने ग्राउंड फ्लोर पर कमरों को चेक किया लेकिन वह किसी भी कमरे में मौजूद नहीं थे। तब उसने देखा कि स्टोर रूम का दरवाजा अंदर से बंद था। नौकर के शोर मचाने पर बेटे, बेटे और पत्नी नीचे आ गए। तब धक्का मारकर स्टोर रूम का दरवाजा खोल कर देखा। फर्श पर डीपी यादव का शव पड़ा था जबकि पास में ही पिस्टल पड़ी थी। डीपी यादव की सांसें थम चुकी थीं। घटना की जानकारी मिलने पर आस पड़ोस के लोग आ गए और पुलिस को सूचना दी। एसएसपी हेमराज मीना, एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार और सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर मौके पर पहुंच गए और मौका मुआयना किया और परिवार से पूछताछ की। फोरेंसिक टीम ने मौके से नमूने लिए हैं। पुलिस ने पिस्टल कब्जे में ले ली गई है। एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि परिवार से पूछताछ में पता चला है कि डीपी यादव पिछले कुछ समय से डिप्रेशन में चल रहे थे। पुलिस टीमें हर एंगल पर जांच पड़ताल कर रही है। चुनाव से पहले जिलाध्यक्ष पद से हटाया था- मुरादाबाद से सांसद डॉ. एसटी हसन का टिकट कटने के बाद सपा में चल रही खींचतान के बीच मतदान से कुछ दिन पहले जिलाध्यक्ष डीपी यादव को पद से हटा दिया गया था। उनकी जगह पूर्व जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव को जिलाध्यक्ष बनाया गया था। उस समय सपा प्रत्याशी से दूरी बनाना डीपी यादव को पद से हटाने की वजह बताई गई।





## यूपी पुलिस की नौकरी छोड़ सियासत में रखा था कदम, पार्टी संस्थापक सदस्य थे डीपी यादव

मुरादाबाद। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष डीपी यादव यूपी पुलिस से सिपाही की नौकरी छोड़कर सियासत में कदम रखा था। इसके बाद वह पार्टी के कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे। लोकसभा चुनाव में जिलाध्यक्ष के पद से हटाए जाने के बाद वह मानसिक तनाव में चल रहे थे। उन्होंने घर से निकलना भी बहुत कम कर दिया था। मूल रूप से जनपद बिजनौर के रहने वाले डीपी यादव मझोला थाना क्षेत्र में बुद्धि विहार में रहते हैं।समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला महासचिव मुदस्सिर खान ने बताया कि डीपी यादव समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य थे। वह प्रदेश सचिव भी रहे हैं। इसके अलावा राज्यसभा सदस्य जावेद अली खान जिस समय मुरादाबाद में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष थे, उनकी कमेटी में भी वह जिला महासचिव के पद पर रहे थे। इससे पहले भी उन्होंने जिलाध्यक्ष की कमेटी में महासचिव की भूमिका निभा चुके थे। चुनावों में कई जिलों के प्रभारी भी रहे।लोक सभा चुनाव में जिलाध्यक्ष पद से हुए थे मुक्त- पंचायत चुनाव के दौरान कमेटी भंग चल रही थी। इसके बाद उन्हें जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप गई थी। विधानसभा चुनाव-2022 में जिले में पांच विधायक चुने जाने के बाद उन्हें पुरस्कार स्वरूप दोबारा जिलाध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई थी। लेकिन, लोकसभा चुनाव के दौरान डॉ. एसटी हसन के बजाय रुचि वीरा को प्रत्याशी बनाए जाने की बात का उन्होंने भी विरोध किया था और चुनाव प्रचार में भी शामिल नहीं हुए थे। इसकी शिकायत सपा प्रमुख अखिलेश यादव तक को हुई थी तो उन्होंने डीपी यादव को जिलाध्यक्ष पद से मुक्त कर उनके साले जयवीर सिंह को जिलाध्यक्ष बना दिया था। पद से हटाए जाने से डीपी यादव व्यथित थे और पार्टी हाईकमान से बेहद नाराज चल रहे थे। इसी के बाद से उन्होंने घर से निकलना भी बिल्कुल बंद ही कर दिया था। चुनाव के दौरान भी उन्हें कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई और वह स्वयं भी प्रचार में भी दिखाई नहीं दिए। सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता है बेटी मृतक डीपी यादव के परिवार में पत्नी, बेटी और बेटा है। बेटी अंजलि सुप्रीम कोर्ट में वकालत करने के साथ ही अपनी संस्था चलाती हैं, जो पीड़ित लड़कियों को न्यायिक मदद दिलाने का कार्य करती है। बेटा भी अधिवक्ता है।

# जालसाजी कर महेंद्र को चुन्नी लाल बताकर करा दिए फर्जी बैनामे, अब पूर्व पार्षद सद्दाम गया जेल

मुरादाबाद-करूला जयंतीपुर की महिला पार्षद के पति पूर्व पार्षद सद्दाम पुत्र सफीन खां को एसओजी ने उठा लिया है। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने इसे शुक्रवार को जेल भी भेज दिया है। आरोप है कि इसने महेंद्र पुत्र मयराम को उप निबंधक कार्यालय में चुन्नी लाल बताकर उनकी जमीन दूसरे के नाम बैनामा करा दी। फिर इसने एक ही व्यक्ति को नहीं बल्कि महेंद्र को बार-बार उसी जमीन का मालिक बताकर कुल चार बार अलग-अलग लोगों को बैनामा करा दिया। इस तरह इस सद्दाम ने न केवल चार क्रेताओं को ठगकर उनसे लाखों रुपये हड़प लिए बल्कि, चुन्नी लाल के हक वाली जमीन पर फर्जीवाड़े का खेल कर उन्हें भी परेशानी में डाल दिया है।सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि पुलिस को साल भर से सद्दाम की तलाश थी। इस व्यक्ति ने उप निबंधक कार्यालय में महेंद्र निवासी देवीपुरा थाना भोजपुर को जमीन का मालिक दर्शाकर चुन्नी लाल के भूखंड का फर्जी तरह से बैनामा कराया था। एक भूखंड को इसने अलग-अलग चार लोगों के नाम महेंद्र के जरिए बैनामा कराकर क्रेताओं को भी ठगा था। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में चुन्नी लाल ने सिविल लाइन थाने में 15 अक्टूबर 2023 को 12 लोगों के विरुद्ध नामजद और कई अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

चुन्नी लाल दीनदयाल नगर फेज-द्वितीय में साईं मंदिर के पास के रहने वाले हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि एफआईआर होने के बाद प्रकरण की विवेचना में छह लोगों के नाम सामने आए थे। इनमें मियां कॉलोनी जयंतीपुर का सद्दाम, जुबैर पुत्र राहत जान, फुरकान पुत्र शौकत निवासी मंसूरी कॉलोनी मझोला और मो. रिहान पुत्र बाबू अली



व सलीम पुत्र जरीफ निवासी निवासीगण जाहिदपुर सीकमपुर थाना भगतपुर और महेंद्र निवासी देवीपुर भोजपुर हैं। इनमें से सद्दाम को छोड़कर अन्य सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका था। सद्दाम काफी समय से फरार चल रहा था।

जिसे अब गिरफ्तार किया जा सका है। चुन्नी लाल को इस तरह हुई थी जालसाजी की जानकारी- पूर्व में आरोपियों के विरुद्ध दर्ज कराई गई एफआईआर में चुन्नी लाल ने दावा किया है कि मैनाठेर गांव के खसरा नंबर 465/483/627 की भूमि के वह स्वामी हैं। वह मैनाठेर गए थे तो उन्हें कुछ लोगों से पता चला कि उनकी जमीन बिक गई है। उसे उन लोगों ने खरीद लिया है, यह कहकर वहां के लोगों ने उन्हें डरा-धमकाकर भगा दिया था। परेशान चुन्नी लाल उप निबंधक कार्यालय पहुंचे,

जहां उन्हें पता चला कि जनवरी-फरवरी 2023 में उनकी जमीन को किसी व्यक्ति ने चार बैनामा किए हैं। जिस पर उन्होंने एफआईआर में महबूब जहां पत्नी नईम, राशिद पुत्र जुम्मा, नईम पुत्र जमील, शाजिया नाज पत्नी मुर्तजा खान, नईम खां पुत्र शमीम खां, शरीफ अहमद पुत्र सद्दीक, सीमा पत्नी मोहम्मद असलम, मोनिश पुत्र रियाज, रिजवान पुत्र उस्मान अली, मो. जिकरान पुत्र सलाम, मो. शरीफ पुत्र मो. सद्दीक, मो. तनवीर पुत्र मो.वसीम नामजद किया था। एक भूखंड का इन चार के नाम कराया था बैनामा- मनकुआपुर निवासी महबूब जहां पत्नी नईम के नाम बैनामा 13 जनवरी 2023 को हुआ था। इसमें गवाह राशिद पुत्र जुम्मा निवासी मुड़िया मोहीउद्दीन ठाकुरद्वारा व नईम पुत्र जमील निवासी जहांगीरपुर देहली मिलक थे। उसी भूखंड का दूसरा बैनामा रामपुर शहर में मजार चुप शाह मियां निवासी शाजिया नाज पत्नी मुर्तजा खान के नाम से हुआ। इसमें गवाह के तौर पर नईम खां पुत्र शमीम खां निवासी चांदवाली मस्जिद गलशहीद व शरीफ अहमद पुत्र सद्दीक निवासी मियां कॉलोनी करूला थे। तीसरा बैनामा सीमा पत्नी मो.असलम निवासी मोती मस्जिद के पास इस्लामनगर करूला के नाम हुआ था। इसमें गवाह मोनिश पुत्र रियाज निवासी इस्लामनगर गली नंबर-17 बाग शहजादी मस्जिद और रिजवान पुत्र उस्मान अली निवासी सैफी कॉलोनी गली नंबर-4 धीमरी थे। चौथा बैनामा मो. जिकरान पुत्र अब्दुल सलाम निवासी उल्लाह वाली मस्जिद के पास मियां कॉलोनी को हुआ था। इसमें गवाह के तौर पर मो. शरीफ पुत्र मो. सद्दीक निवासी मियां कॉलोनी आजाद नगर और मो. तनवीर पुत्र मो. वसीम निवासी आजाद नगर करूला थे। जमीन के फर्जीवाड़े में ये लोग शामिल मास्टरमाइंड सद्दाम और फर्जी विक्रेता महेंद्र, चार क्रेता, आठ गवाह।

# रेलवे पहाड़ों में तैयार कर रहा 105 किमी की सुरंग, ट्रेन से आसान होगा चार धाम का सफर

मुरादाबाद-रेलवे द्वारा चार धाम पर जाने वाले यात्रियों का सफर आसान करने के लिए काम किया जा रहा है। जिसके तहत गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ व बद्रीनाथ को रेलवे से जोड़ने का काम तेजी से चल रहा है। इस परियोजना में 327 किमी का रेलवे ट्रैक तैयार किया जाना है। तीन चरणों में बंटी इस परियोजना को रेलवे 2025 तक पूरा करने की दावा कर रही है। इसकी शुरुआत मुरादाबाद रेल मंडल से हो चुकी है। जिसमें 105 किमी मीटर सुरंग तैयार की जा रही है। जोकि चार धाम जाने वाले यात्रियों का सफर आसान हो जाएगा।गंगोत्री, यमुनोत्री, अच्छी खबर यह है कि उनका सफर आसान होने जा रहा है। रेलवे द्वारा तैयार का सफर 15 दिन की जगह मात्र चार से पांच दिन में पूरा कर लेंगे। रेलवे रेल लाइन बिछाने का काम लगभग पूरा हो गया है।अब सुरंगों में फिनिशिंग है। भारी बारिश व भूकंप का असर भी नहीं होगा। रेल प्रशासन का कहना है बीच की दूरी मात्र डेढ़ से दो घंटे में पूरी हो जाएगी। ट्रैक को इस प्रकार से दौड़ सके। जिसके बाद चारधाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं का सफर रेलवे की इस परियोजना में 153 किमी का रेल रूट मुरादाबाद मंडल में हजार 216 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा है। जिसमें से 105 किमी कुल 12 स्टेशन बनाए जा रहे हैं। जिसमें कुछ रेलवे स्टेशनों व सुरंगों का बदरीनाथ और केदारनाथ तक बढ़ाया जाएगा। 125 किमी का रेल रूट कुल रेलवे स्टेशन भी बनेंगे- रेलवे द्वारा बिछाई जा रही रेल लाइन के बीच 12 नए



अगले साल तक तैयार कर ली जाएगी। जिसके बाद केदारनाथ और बद्रीनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए की जा रही सुरंग बनने के बाद श्रद्धालु चार धाम यात्रा द्वारा ऋषिकेश से कर्णप्रयाग के बीच 125 किलोमीटर व उन्हें मौसम की दृष्टि से मजबूत बनाने का काम चल रहा कि कार्य पूरा होने के बाद ऋषिकेश- कर्णप्रयाग के बनाया जा रहा है कि ट्रेन 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार आसान होगा। 16 हजार 216 करोड़ की आएगी लागत- आता है। जिसमें से 125 किमी का रेल रूट कुल 16 की रेल लाइन सुरंग से होकर गुजरेगी। इस लाइन के बीच निर्माण पूरा हो चुका है। इस परियोजना को विस्तार देकर 16 हजार 216 करोड़ रुपये से तैयार हो रहा है। 12 नए स्टेशन बनाए जा रहे हैं। जिनमें योग नगरी ऋषिकेश, मुनि की रेती, शिवपुरी, मंजिलगांव, साकनी, देवप्रयाग, कीर्ति नगर, श्रीनगर, धारी देवी, रुद्रप्रयाग, घोलतीर और कर्णप्रयाग हैं। ऋषिकेश से कर्णप्रयाग के बीच विदेशी तकनीकों से होगा। स्विट्जरलैंड और आस्ट्रिया के बर्फीले पहाड़ों में जिस तकनीक से रेल सुरंग बनाई जाती है। ऋषिकेश से 48 किमी की दूरी पर 15 किमी लंबी सुरंग होगी। बनने के बाद यह देश की सबसे लंबी रेलवे सुरंग होगी। इस परियोजना का उद्देश्य गढ़वाल हिमालय में स्थित चार धाम मंदिरों गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ तक रेल कनेक्टिविटी करना है। जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिलेगी। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल प्रोजेक्ट पर तेजी से काम चल रहा है। रेलवे बोर्ड की सीईओ भी इसका निरीक्षण कर चुकी हैं। सुरंगों में रेल लाइन बिछाने व अन्य कार्य चल रहा है। यह कार्य अगले साथ तक पूरा कर लिया जाएगा। जिसके बाद इस रूट पर ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाएगा। - राजकुमार सिंह, डीआरएम

## संक्षिप्त समाचार

### वंदे भारत ट्रेन ने दो महीने में रेलवे को कराई 7.35 करोड़ की आमदनी

मुरादाबाद-यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा चलाई गई वंदे भारत ट्रेन का मंडल के देहरादून से संचालन होता है। इसकी शुरुआत इसी साल मार्च के महीने में की गई थी। दो महीने में वंदे भारत ट्रेन में हजारों यात्री सफर कर चुके है, जिससे रेलवे को करोड़ों रुपये का फायदा हुआ है। अब से पांच साल पहले देश में पहली वंदे भारत ट्रेन का संचालन शुरू हुआ था। यह ट्रेन एक घंटे में 100 किलोमीटर की रफ्तार से दौड़ती है। इसके अलावा इस ट्रेन में यात्रियों को और ट्रेनों के मुकाबले बेहतर सुविधाएं मिलती है। अत्याधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस वंदे भारत ट्रेन रेलवे की नई पहचान बनकर उभरी है। मुरादाबाद मंडल में पहली वंदे भारत ट्रेन देहरादून से दिल्ली के लिए चलाई गई थी। जिसके बाद इसी साल 12 मार्च को देहरादून से लखनऊ के लिए मंडल की दूसरी वंदे भारत ट्रेन का संचालन किया गया था। यह ट्रेन देहरादून से चलकर हरिद्वार और हरिद्वार से मुरादाबाद पहुंचती है। यह वंदे भारत ट्रेन बरेली होते हुए सीधे लखनऊ पहुंचती है। बीते 12 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने मुरादाबाद से होकर जाने वाली पहली वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत की थी। मौजूदा समय में एक जोड़ी वंदे भारत ट्रेन का देहरादून से लखनऊ और लखनऊ से देहरादून के लिए संचालन किया जा रहा है। रेलवे के आकड़ों के अनुसार एक जोड़ी वंदे भारत ट्रेन में अब तक 60 हजार से ज्यादा यात्री मुरादाबाद से लखनऊ, बरेली, हरिद्वार व देहरादून के लिए सफर कर चुके हैं और मार्च से लेकर 27 मई तक रेलवे को वंदे भारत ट्रेन से लगभग छह करोड़ से ज्यादा की आमदनी हुई है। ट्रेन संख्या फेरे यात्री आमदनी- 22546 54 31889 तीन करोड़ 73 लाख 22545 54 30920 तीन करोड़ 62 लाख







क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# भगवतीपुर में ज्वालादेवी सिद्ध पीठ पर हो रही दिव्य श्री राम कथा का तृतीय दिवस कि कथा संपन्न हुई


क्यूँ न लिखूँ सच
शेर सिंह




बरेली- ग्राम भगवतीपुर में ज्वालादेवी सिद्ध पीठ पर हो रही दिव्य श्री राम कथा का तृतीय दिवस कि कथा संपन्न हुई जिसमे कि बड़े ही धूम धाम से रामजन्म मनाया गया पूज्य गुरुदेव राधा माधब पीठाधीश्वर ने कहा कि जब धर्म कम होता है तो दुष्टो का बोलबाला होता है और तब प्रभु अबतार लेके आते हैउन्होने गुरु कि महिमा बताते हुए कहा कि भगबान ने तीन बार कहा सत्य सत्यपन सत्य हमारा परन्तु आये नहीं तो कहा कि पहले ये गुरु के पास जाये तब हम इनके घर जाय अगर ऐसे ही चले गए तो गुरु कि आवश्यकता ही नहीं रहेगी इसलिए पहले यह गुरु के पास जाएं फिर हमें क्या है प्रथम दशरथ जी अपने गुरु के पास गए गुरुदेव से कहा है गुरुदेव सुख इस बात का है कि आप मिल गए अब आप आनंद तक पहुंचा दीजिए और तब गुरुदेव भगवान ने कहा धरूउ धीर होइ है सुतचारि फिर भगवान को चार रूपों में आना पड़ा इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे आप सब कथा के साक्षी वन पर पुण्य के भागी बने कथा प्रतिदिन शाम को 8?00 बजे से 11?00 बजे तक होती है 12 जून तक कथा रहेगी 13 जून को विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगी

# कुदरगढ़ में स्वच्छता हरित सप्ताह के तहत सामूहिक रूप से किया गया श्रमदान, और भी बहुत कुछ.....

क्यूँ न लिखूँ सच





सूरजपुर- ओड़गी- सूरजपुर कलेक्टर रोहित व्यास व ज़िला पंचायत सीईओ कमलेश नंदनी साहू के मार्गदर्शन में ब्लांक ओड़गी के ग्राम पंचायत कुदरगढ़ में शनिवार को स्वच्छता हरित सप्ताह का आयोजन किया गया. जिसमें स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाकर साफ सफाई किया गया. जैसे तालाब की साफ सफाई, हैंड पंप के पास सोख्ता गड्ढा की साफ सफाई, रोड़ की साफ सफाई, सीढ़ियों की साफ सफाई, मेला परिसर की साफ सफाई किया गया. इसके अलावा स्वच्छता शपथ भी ग्रामीणजनों को दिलाया गया साथ ही वृक्षा रोपण भी कराया गया.इस कार्यक्रम में उपस्थित जनपद पंचायत ओड़गी के सीईओ नृपेंद्र सिंह, मनरेगा कार्यक्रम आधिकारी भूपेंद्र बैरागी, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कलस्टर समन्वयक कपिल मुनि गुर्जर, महिला समूह के क्षेत्रीय समन्वयक शिवराम पैकरा ,अनिल कुशवाहा ,ग्राम पंचायत सचिव हौसला प्रसाद राजवाड़े, स्वच्छता ग्राही, समूह की महिलाएं तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहे.

# हादसा टला - आनंदपुर में आंधी तूफान से घर में गिरा विशालकाय पेड़ , बाल बाल बचा परिवार

क्यूँ न लिखूँ सच



ओड़गी-जिले के ओड़गी विकास खंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत आनंदपुर में तेज आंधी के कारण शनिवार को एक महुआ का विशालकाय पेड़ घर पर गिर गया.इससे घर के साथ-साथ बिजली तार क्षतिग्रस्त हो गए. घटना के दौरान परिवार के लोग बाल-बाल बचे. इस घटना में आनंदपुर गांव के रामकिसुन यादव का घर क्षतिग्रस्त हो गया.यह घटना शनिवार करीब दोपहर 2 बजे की है. जब परिवार के सदस्य गर्मी की वज़ह से घर में आराम कर रहे थे. तभी एकाएक तेज़ आंधी तूफान चलने लगी और विशालकाय पेड़ घर में गिर गया. तेज आंधी आने के बाद पेड़ की चपेट में विद्युत तार भी आ गया.हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है.तेज़ आंधी तूफान से लोगों के घरों का उड़ गया छप्पर -हवा का इतना तेज़ रफ़्तार था कि गांव आनंदपुर भवंरखोह के घरों का छप्पर व सीमेंट का सीट तक उड़ गया. आनंदपुर निवासी बबई यादव का लगभग चार रूम व देवस्थान आनंदपुर का सीमेंट सीट उड़ गया. जिसके कारण आम जनता को भारी नुक़सान हुआ है. ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से संबंधित विभाग व प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है. सड़क पर पेड़ गिरने से आवागमन रहा बाधित - ओड़गी विकास खंड अन्तर्गत भवंरखोह में स्कूल मुख्य मार्ग पर महुआ का विशालकाय पेड़ गिरने से घंटों आवागमन बाधित रहा हालांकि ग्रामीणों की मदद से विशालकाय पेड़ को हटाया गया. तब जाकर आवागमन चालू हुआ.घंटों तक रहा आवागमन प्रभावित ओड़गी-जिले के ओड़गी विकास खंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत आनंदपुर में तेज आंधी के कारण शनिवार को एक महुआ का विशालकाय पेड़ घर पर गिर गया.इससे घर के साथ-साथ बिजली तार क्षतिग्रस्त हो गए. घटना के दौरान परिवार के लोग बाल-बाल बचे. इस घटना में आनंदपुर गांव के रामकिसुन यादव का घर क्षतिग्रस्त हो गया.यह घटना शनिवार करीब दोपहर 2 बजे की है. जब परिवार के सदस्य गर्मी की वज़ह से घर में आराम कर रहे थे. तभी एकाएक तेज़ आंधी तूफान चलने लगी और विशालकाय पेड़ घर में गिर गया. तेज आंधी आने के बाद पेड़ की चपेट में विद्युत तार भी आ गया.हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है. तेज़ आंधी तूफान से लोगों के घरों का उड़ गया छप्पर- हवा का इतना तेज़ रफ़्तार था कि गांव आनंदपुर भवंरखोह के घरों का छप्पर व सीमेंट का सीट तक उड़ गया. आनंदपुर निवासी बबई यादव का लगभग चार रूम व देवस्थान आनंदपुर का सीमेंट सीट उड़ गया. जिसके कारण आम जनता को भारी नुक़सान हुआ है. ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से संबंधित विभाग व प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है.सड़क पर पेड़ गिरने से आवागमन रहा बाधित ओड़गी विकास खंड अन्तर्गत भवंरखोह में स्कूल मुख्य मार्ग पर महुआ का विशालकाय पेड़ गिरने से घंटों आवागमन बाधित रहा हालांकि ग्रामीणों की मदद से विशालकाय पेड़ को हटाया गया. तब जाकर आवागमन चालू हुआ.

# सूरजपुर जिले के प्रतापपुर क्षेत्र में युवक को सांप ने काटा तो युवक ने भी सबसे जहरीले सांप डंडा करैत के सर को मुंह से काटकर किया धड़ से अलग्ग्मुंडी को चबाया्फिर कुछ ऐसा हुआ

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- सूरजपुर जिले।विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भेड़िया के युवक को सांप ने काटा तो युवक ने भी डंडा करैत जैसे सबसे जहरीला सांप के सिर को मुंह से काटकर सांप को धड़ को अलग कर दिया और मुंडी को चबा गया। यह घटना सुनते ही क्षेत्र में सनसनी मच गई। हालांकि सांप के काटते ही आधा घंटा के बाद युवक ने दम तोड़ दिया। जिसकी सूचना मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया रेवटी थाना क्षेत्र अंतर्गत यह सनसनीखेज मामला सामने आया है। परिजनों ने बताया कि जमीन में सो रहे युवक को जहरीले करें सांप ने काट लिया। इसके बाद युवक ने सांप को पकड़ा और उसका सिर चबा गया। बस फिर क्या था। कुछ ही देर में युवक ने भी तड़प तड़प कर दम तोड़ दिया।पता नहीं ऐसा क्या हुआ की सांप के काटने के बाद युवक ने भी सांप को बेरहमी से सर को धड़ से अलग कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम कोमा नेताम उम्र 32 वर्ष ग्राम पंचायत भेड़िया प्रतापपुर ब्लॉक क्षेत्र का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि रात को वह अपने घर के अंदर सो रहा था। क्षेत्र में हो रहे आंधी तूफान और बारिश से क्षेत्र में बढ़ी गर्मी के कारण व घर के आंगन में चटाई बिछाकर जमीन में सो गया। इस दौरान तेज गर्मी के कारण जहरीला सांप डंडा करैत ने युवक को काट लिया। सांप के काटने पर युवक की नींद खुल गई। तब युवक ने सांप को देखा और पकड़ा और उसका सिर चबा लिया। युवक को जिस जगह पर सांप ने काटा था उसे जगह पर उसने ब्लड से चीरा लगाकर खून भी निकलने का प्रयास किया। परिजनों ने बताया कि हल्ला गुल्ला के बाद मौके पर परिजन एवं पड़ोसी उठ गए। मौके पर सांप का सिर चबाने से उसके मुंह में भी जहर फैल गया और कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई हालांकि पुलिस ने भी इस मामले की जांच करते हुए परिजनों के बताएं अनुसार मामला पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस सहित ग्रामीण इस मामले का खुलासा होने के साथ ही क्षेत्र में खलबली मच गई वही इस युवक के जान जान से काफी लोग दुखी हैं।सांप काटने जैसी इस हैरत अंगेज कारनामे की घटना काफी तेज गति पर सोशल मीडिया पर भी फैल रही है जो सुर्खियों में बनी हुई है।

# सेजस नवापारा में नीट और जेईई की नि:शुल्क कोचिंग प्रवेश परीक्षा का किया गया आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- सेजस नवापारा में नीट और जेईई की नि:शुल्क कोचिंग, सक्षम सूरजपुर नि:शुल्क कोचिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन



आज किया गया। जिसमे कुल 154 परीक्षार्थियों का पंजीयन किया गया था। जेईई के 19 और नीट के 145 छात्रों का परीक्षा के लिए पंजीयन 30 मई तक संपन कराने के पश्चात 8 जून को 142 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, कुल 12 विद्यार्थी अनुपस्थित थे। परिक्षा के संचालन में मुख्य रूप से श्री राधे श्याम सोनी,राकेश त्रिपाठी, दुष्यंत राजवाड़े, अजीत गुप्ता,मुस्कान अग्रवाल, ईच्छा गुप्ता और अंशु प्रजापति ने योगदान दिया। सक्षम सूरजपुर नि:शुल्क कोचिंग जिला प्रशासन सूरजपुर की महत्वकांची योजना है। जिसके लिए पालकों और छात्रों में उत्सुकता देखी गई।

# टूटी पुलिया के मरम्मत न होने से आवागमन बाधित, समस्याओं से जूझ रहे राहगीर

क्यूँ न लिखूँ सच
अरविन्द कुमार यादव



श्रावस्ती- जनपद श्रावस्ती में सड़कों की हालत बद से बदतर है कहीं सड़कों की ऊपरी परत गायब हो चुकी है तो कहीं टूटी पड़ी पुलिया की मरम्मत न होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामला जनपद श्रावस्ती के इकौना बुढनी मार्ग मध्य नगर पावर हाउस के पास सड़क पर बनी पुलिया बरसात के दिनों में टूट कर धराशाई हो गई थी। जबकि प्रतिदिन इस सड़क से होकर आने जाने वाले हजारों राहगीर छोटे बड़े वाहनों का कब दुर्घटना हो अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। ग्रामीणों के द्वारा इस टूटी हुई पुलिया मरम्मत के लिए कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत की गई परंतु किसी ने ध्यान नहीं दिया। यदि बरसात होने से पूर्व पुलिया की मरम्मत नहीं हुई तो आवागमन प्रभावित हो जायेगा। ऐसे में ग्रामीण शिवकुमार, मिथिलेश कुमार पाठक, राजकुमार, संतोष तिवारी ने बताया कि इस टूटी पुलिया से कई बार वाहन पलट कर दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। तथा वाहनों के पलटने से वाहन चालक वाहनों पर बैठी सवारी गिरकर घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पुलिया मरम्मत कराए जाने की मांग की है।



# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विसानी में किया गया वृक्षारोपण

क्यूँ न लिखूँ सच
घनश्याम प्रसाद शर्मा

विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है,इसी उपलक्ष्य मे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विसानी में प्रधानाचार्य श्री नीरज तिवारी, श्री सम्मान सिंह शाखा प्रबंधक बैंक शिवानी, श्री संतोष सिंह एवं स्टाफ अजय सर्मा, सिवान्स तिवारी एवं सौरभ यादव की उपस्थिति में विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर छायादार व फलदार वृक्ष लगाये गये तथा प्रधानाचार्य व्दारा उपस्थित समस्त स्टाफ से अपील की गई कि आज के दिन जितने भी पेड़ लगाये जाये उन सभी को गोद लेकर जीवन भर उनको संरक्षित करने का प्रयास किया जावें, ताकि पर्यावरण दिवस के मूल उद्देश्य को पूर्ण किया जा सकें।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश ,
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# तपती दोपहरी में डाक्टर दम्पति ने राहगीरों को शर्बत पिलवाया

क्यूँ न लिखूँ सच



